ले ज सय्यद अता हसनैन
पी.वी.एस.एम., यू.वाई.एस.एम., ए.वी.एस.एम.,
एस.एम., वी.एस.एम.** (सेवानिवृत्त)
Lt Gen Syed Ata Hasnain
PVSM, UYSM, AVSM, SM, VSM** (Retd)

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना-800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

ये पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक हैं। माँ दुर्गा की आराधना नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का संदेश देती है, वहीं प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन धर्म, करुणा, सेवा, त्याग एवं कर्तव्यनिष्ठा जैसे शाश्वत मूल्यों का अनुपम उदाहरण है। ये पर्व हमें इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा साहस, विवेक और दृढ़ संकल्प के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।

मेरी कामना है कि यह पावन अवसर सबके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए तथा समाज में सद्भाव, परस्पर सम्मान और भाईचारे की भावना को और सुदृढ़ करे।

आइए, हम सब इन पर्वों को पूरे उत्साह और सद्भाव के साथ मनाएँ तथा अपने आचरण और कार्यों से एक शांतिपूर्ण, समृद्ध, विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें।

(सय्यद अता हसनैन)

Phone : 0612-2786100-107, Fax : 0612-2786178
e-mail : governorbihar@nic.in